## सार-समाचार

### कृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया

**राजलदेसर** (निसं)। कस्बे की श्रीनाथ नगर गौशाला में महिला कार्य समिति की ओर से गौ सेवार्थ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कथा वाचक पंडित पवन कुमार बोहरा ने कहा भागवत कथा सुनने से नहीं भागवत कथा में बताए गए उपदेश को अपने जीवन में उतारे इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं के बारे में गुणगान किया। इस अवसर पर गौशाला परिसर में महिला कार्य समिति की ओर से श्रावणी महोत्सव के तहत मेला का भी आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के खाने पीने के स्टॉल लगाए गए जिसमें महिलाओं ने जमकर खरीदारी की एवं झूले भी लगाए गए। कार्यक्रम के तहत महिला कार्य समिति की ओर से गौ माता को गुड खिलाया गया इस अवसर पर महिला कार्य समिति की अध्यक्ष शांति देवी राजपुरोहित ने बताया महिला कार्य समिति की ओर से प्रतिवर्ष इस तरह का कार्यक्रम किया जाता है एवं हर अमावस्या पर सत्संग का भी आयोजन किया जाता है जिसमें गौ सेवार्थ जो भी राशि आती है गौशाला में भेंट की जाती है । इस मौके पर कथा के मुख्य यजमान नंदलाल दर्जी, पूर्व मंत्री पवन बोथरा, मालचंद पुरोहित, पूनम चंद्र गर्ग, सागरमल सुथार, बजरंग लाल भाटिया, पवन शर्मा, लालचंद पांडे, सत्यनारायण राजपुरोहित, रामावतार पांडे, सुभाष मारू, भंवरलाल नाई , मैनेजर राजेंद्र शर्मा आदि गौशाला के कर्मचारी एवं महिला कार्य समिति की सदस्य उपस्थित रही।

### हर-हर महादेव के नारों से गूंजा कस्बा

**बीदासर** (निसं)। श्रावन माह के अंतिम सोमवार को कस्बा शिव भक्ति के रंग में रंग गया। कस्बे की गलियों व मोहल्लों से 15 किलोमीटर दूर निकटवर्ती गांव गोपालपुरा के डुंगर बालाजी स्थित सरोवर का जल लेकर कावड़ियों के अनेक जत्थे जुलूस व डीजे के साथ निकले तो पुरा कस्बा हर हर महादेव के नारों से गुंजायमान हो उठा। जगह जगह सैकड़ों कावड़ियों का श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। गोपालपुरा के सरोवर से पैदल कावड़ियों जत्थे में लगभग तीन सौ महिलाओं व दो सौ युवकों के कावड़ियों का जत्था काशीपुर बालाजी धाम से डीजे की धुन पर नाचते झुमते जुलुस के साथ कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए दरीबा के बाबा भूतनाथ महादेव मंदिर में पहुंचकर पवित्र जल से शिवलिंग का अभिषेक किया। जुलुस में विभिन्न देवी देवाओं की झांकिया आकर्षण का केंद्र रही। कावडियों का विशाल जुलुस देखने के लिए जगह जगह पर नगरवासियों का हुजुम उमड पडा। वही कस्बे के अन्य शिवालयों में बाबा भोलेनाथ के जय जयकारों से गुंज उठा। कस्बे के मुख्य बाजार स्थित शिवालय, भूतनाथ महादेव मंदिर, बैरी चैक स्थित हनुमान मंदिर शिवालय, बाबा भोलेनाथ अखाड़ा शिवालय, उतरादा बास गोगा मेड़ी शिवालय, वार्ड एक स्थित राठौड़ शिव मंदिर सहित अनेक शिवालयों में सुबह से ही शिव भक्तो व कावड़ियों का आने का क्रम शुरू हो गया।

### रुद्राभिषेक महायज्ञ का आयोजन

**पाटन** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत महावा में प्रसिद्ध धार्मिक स्थल घुघाड़ी धाम में सोमवार को पार्थिव शिव रुद्राभिषेक महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से उमड़े श्रद्धालुओं ने आस्था और श्रद्धा के साथ भाग लिया। 51 दंपतियों ने रुद्राभिषेक अनुष्ठान में वैदिक विधि-विधान से भाग लिया। पूरे कार्यक्रम का संचालन पंडित भानु प्रकाश शास्त्री एवं श्री श्री 108 बिहारी दास जी महाराज के सान्निध्य में हुआ। विद्वान ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया गया। सुबह से ही भगवान शंकर की पूजा-अर्चना, जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक तथा विभिन्न द्रव्यों से रुद्राभिषेक की श्रृंखला चली।पूजा उपरांत विशाल महाआरती का आयोजन हुआ, जिसके पश्चात भगवान को भोग अर्पित कर उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम की विशेष शोभा तब बढ़ी जब दाऊधाम से पधारे संत भोला शंकर दास महाराज ने अपने संतवाणी से श्रद्धालुओं को भक्ति, सदाचार एवं समाज सेवा का संदेश दिया।इसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। श्रद्धालुओं ने मंदिर में धूप-दीप अर्पित कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु भगवान शिव से प्रार्थना की।

### रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**सीकर** (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर सीकर जिले की पंचायत समिति फतेहपुर के सदस्य के उप चुनाव के निर्वाचन के लिए राजस्थान पंचायती राज निर्वाचन नियम 1994 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किये है। आदेशानुसार फतेहपुर उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट फतेहपुर को रिटर्निंग अधिकारी, तहसीलदार फतेहपुर को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।इसी प्रकार सीकर जिले की नगर पालिका खण्डेला के सदस्य वार्ड संख्याक 23 के उप चुनाव के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किये है। आदेशानुसार खण्डेला उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट खण्डेला को रिटर्निंग अधिकारी, तहसीलदार खण्डेला को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### भगवान शिव का जलाभिषेक किया

**पाटन** (निसं)। सावन के पवित्र महीने में भक्ति भाव से ओतप्रोत वातावरण में आज भुदोली गांव के सभी शिवालयों में भगवान शंकर का विधिवत जलाभिषेक किया गया। मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और धार्मिक आयोजनों का आयोजन हुआ। खास तौर पर, खोरा धाम के श्रद्धालु प्रदीप सिंह ने हरिद्वार से पैदल नौ दिन की कठिन यात्रा करके कावड़ लेकर भगवान शंकर का जलाभिषेक किया। उनके गांव लौटने पर ग्रामीणों ने जगह-जगह फूल-मालाओं और डीजे के साथ उनका भव्य स्वागत किया।खोरा स्थित शिवालय मंदिर में प्रदीप सिंह द्वारा हरिद्वार से लाई गई पवित्र गंगाजल से भगवान शिव का जलाभिषेक पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा।स्वागत कार्यक्रम में समाजसेवी रोहिताश खोरा, ओमप्रकाश ठेकेदार, विजेंद्र सिंह, रामेश्वर लाल भडाणा, राज खोरा, दौलत सिंह खोरा, सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### अलमारी भेंट की

**रतनगढ़** (निसं)। नव पदोन्नत प्राचार्यों नंदलाल स्वामी ने सोमवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय रतनगढ़ में अलमारी भेंट की। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार व्यास ने बताया कि ब्लॉक के नव पदोन्नत प्राचार्यों ने सीबीईओ कार्यालय में एक अलमारी भेंट की है इस पर व्यास ने प्राचार्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमेश कुमार जाखड़, अरविंद कुमार शर्मा,शिशुपाल घुघरवाल, पूनम चन्द महर्षि,शुभकरण शर्मा, राधाकृष्ण पीपलवा, विरेन्द्र कुमार जायसवाल, सुभाष चन्द्र, बाबूलाल गुर्जर, राजेन्द्र शर्मा व नन्दलाल स्वामी उपस्थित रहे।

### शिविर में 70 यूनिट रक्त संग्रहित

**सीकर** (निसं)। स्थानीय फतेहपुरी गेट स्थित राम प्रताप वल्लभ के मन्दिर मे दीपक त्रिवेदी स्मृति संस्थान द्वारा आयोजित दशवा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया।जानकारी देते हुए संस्थान के उमेश त्रिवेदी ने बताया कि शिविर मे मित्तल ब्लड बैंक और जैन ब्लड बैंक के द्वारा लगभग, 70 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर मे सीकर विधायक राजेंद्र पारीक, पूर्व ए डी एम ईश्वर सिह राठौड़ ,वैद्य ताराचंद, वरिष्ठ पत्रकार हुलाश तिवाडी, दिनेश त्रिवेदी, रतन तिवारी, विनोद दाधीच,कमल डोलिया, उमेश मिश्रा, अमित पंसारी, पंकज, संदीप, रमेश त्रिवेदी, महेश त्रिवेदी रामलाल शर्मा,बजरंग सिंह, बनवारी शर्मा, सीताराम शर्मा, मनीष पारिक सहित कई गण मान्य लोग शिविर मे उपस्थित रहे।

### बहनों का सुरक्षा-समान कार्यक्रम आज

**सीकर** (निसं)। उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग सीकर सुमन पारीक ने बताया कि 5 अगस्त 2025 मंगलवार को प्रात:11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बहनों का सुरक्षा-सम्मान कार्यक्रम का आयोजन जिला परिषद सभागार, कलेक्ट्रेट परिसर सीकर में किया जायेगा जिसमें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा वी.सी के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं से संवाद किया जायेगा।

### तेतरवाल ने एसीबीईओ का पद ग्रहण किया

**बीदासर** (निसं)। कस्बे के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में गत दो वर्ष तीन महिनों से रिक्त चल रहे एसीबीईओ प्रथम का पद पर बजरंग लाल तेतरवाल को लगाया गया है। तेतरवाल ने सोमवार को रिक्त चल रहे एसीबीईओ प्रथम पद पर कार्यग्रहण कर लिया है। तेतरवाल कार्यग्रहण के समय सीबीईओ किशनलाल गहनोलिया, राकेश आत्रे, दुलाराम प्रजापत, यमुना शर्मा, अर्जुन दास अनेक कार्मिक उपस्थित थे।

# गरीब परिवार का आशियाना गिरा

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर कस्बे में बारिश के बाद अब मकान में खतरा मंडराने लग गया है। कस्बे के वार्ड नं 23. में शालुराम पुत्र बिरदा राम मेघवाल का दो रोज पूर्व बुजुर्ग दंपति जैसे तैसे अपना जीवनयापन करके गुजारा कर रहे थे लेकिन कुदरत का कहर इस तरह से बरसा की रात्रि को अपने मकान से बाहर आए थे कुछ समय बाद तीन मकान एक साथ गिरे जिससे बड़ा हादसा होते हुए बच गया। साथ ही लाखों रुपए के मकान गिरकर मलबे में बदल गए। वहीं खाने पीने का राशन का सामान कपड़े पलंग आदि हजारों रुपए के समान भी मलबे में दब गया जिससे गरीब परिवार के खाने पीने का भी संकट गहरा गया एवं उनका रो-रो कर बुरा हाल था इसी प्रकार वार्ड नं 26 में एक बीमार व्यक्ति हनुमानमल कामड़ जो घर में लाइट नहीं होने के कारण अपनी पत्नी के साथ आंगन में बैठा हुआ था।

अचानक एक कमरा रसोई गिर गए जिससे उनका खाने-पीने का सामान पूरी तरह से नीचे दब गया एवं मकान का भी हजारों रुपए का नुकसान हुआ लेकिन कुछ मिनट के लिए बड़ा हादसा होते हुए टला वर्तमान में हनुमान मल स्वयं बीमार चल रहा है एवं उनकी धर्मपत्नी मंदबुद्धि होने के कारण दवाई के भी पैसे खर्च होते हैं साथ ही इनकम के साधन भी कम होने के कारण घर का गुजारा करना भी कठिन हो रहा है।

सामाजिक कार्यकर्ता कालूराम तंवर ने जैसे ही इन दोनों परिवारों के मकान गिरने की खबर मीडिया को दी तो मौके पर जाकर उनके हालात का जायजा लिया लेकिन दोनों गरीब परिवार अपने आप को आंसुओं की धारा से रोक नहीं सके वही कालूराम तंवर का कहना है सरकार की अनेको योजनाएं चलती है लेकिन गरीब परिवारों को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिलता पैसे वाले लोगों को इनका लाभ मिलता है जिससे गरीब परिवार दर-दर ठोकरे खाता है। उन्होंने प्रशासन एवं भामाशाह से अपील की है गरीब परिवार की मदद के लिए आगे आए।



राजलदेसर कस्बे में बारिश के बाद मकान गिर गया।

### कलेक्टर ने समीक्षा बैठक ली

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कलेक्टर शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास पर प्राप्त जन सुनवाई के प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण पर जोर देते हुए कहा कि पुलिस, राजस्व, पीडब्ल्यूडी, जिला परिषद एवं नगर परिषद जवाब भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी जर्जर भवनों की रिपोर्ट तत्काल जिला स्तरीय समिति को भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने पर श्री कल्याण चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर शर्मा ने हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए शिक्षा विभाग, पर्यटन विभाग और राजीविका को अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के निर्देश दिए। बैठक में बजट घोषणाओं के अंतर्गत कुसुम योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, सोलर योजना, कृषि एवं ऊर्जा विभाग की आरडीएसएस की प्रगति की समीक्षा की गई।

# शहीद राजेंद्र बगड़िया का सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार हुआ

- शहीद की शहादत पर युवाओं और ग्रामीणों ने करीब 10 किलोमीटर तक निकाली तिरंगा यात्रा
- भारत माता के जयकारे और जब तक सूरज चांद रहेगा राजेंद्र बगड़िया का नाम रहेगा के जयघोष से गूंजा धोद इलाका

**सीकर** (निसं)। जिले के धोद इलाके के नागवा गांव के सशस्त्र सीमा बल में तैनात शहीद राजेंद्र बगड़िया का पार्थिव देह आज सुबह धोद थाने पहुंचा। जहां से सेना के वाहन में शहीद के पार्थिव देह को ससम्मान रखकर ग्रामीण और युवाओं ने पैतृक गांव नागवा तक करीब 10 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा निकाली।

तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा धोद इलाका भारत मां के जयकारे और जब तक सूरज चांद रहेगा शहीद राजेंद्र बगडिया का नाम रहेगा के जयघोष से गूंजायमान हो उठा। शहीद राजेंद्र बगड़िया की शहादत में निकाली गई तिरंगा यात्रा धोद थाने से पैतृक गांव नागवा पहुंची। जहां पारिवारिक रस्म निभाने के बाद शहीद राजेंद्र बगडिया का सैनिक सम्मान से अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान शहीद को श्रद्धांजलि और पुष्पचक्र अर्पित करने के लिए सशस्त्र सीमा बल के सैन्य अधिकारी और जवान भी मौजूद रहे। इसके साथ ही सीकर एडीएम रतन कुमार, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनीता गठाला सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि और सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

सीकर जिले के धोद थाना इलाके के नागवा निवासी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में तैनात जवान राजेंद्र बगडिया की जम्मू कश्मीर में ड्यूटी के दौरान शनिवार अलसुबह पहाड़ी इलाके में पैर फिसलने से नीचे गिरने से देहांत हो गया था। जवान राजेंद्र बगडिया जम्मू कश्मीर के डोडा के गंडोह इलाके में सशस्त्र सीमा बल की 7 बटालियन में तैनात था। जवान राजेंद्र बगडिया सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में 2012 में भर्ती हुए थे। जिनकी पोस्टिंग वर्तमान में जम्मू कश्मीर के डोडा क्षेत्र में गंडोह क्षेत्र में थी।

जवान राजेंद्र बगडिया की शनिवार अलसुबह ड्यूटी के दौरान पहाड़ी इलाके में पैर फिसल कर नीचे गिरने से मौत हो गई। मौत की सूचना पर उनके पैतृक गांव में शौक की लहर छा गई। शहीद का पार्थिव देह धोद थाने पहुंचा। जहां से करीब 10 किलोमीटर की शहीद के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसके बाद पैतृक गांव में सैन्य सम्मान के साथ अंत्येष्टि हुई। शहीद जवान राजेंद्र बागडिया के पिता रामनिवास बगडिया गांव में ही खेती का काम करते हैं। वहीं माता भंवरी देवी गृहणी है और छोटा भाई नरेंद्र वर्तमान में विदेश में काम करता है। शहीद राजेंद्र बगड़िया के दो बेटियां और एक बेटा है।



**चूरू में सोमवार को श्रावण माह का चौथा और अन्तिम सोमवार है। सुबह 5 बजे से ही चूरू के सभी शिवालयों में भोले को रिझाने के लिए भीड़ लगी रही। महिलाओं व पुरूषों ने अन्तिम सोमवार का व्रत रखकर भगवान शिव की पुजा अर्चना की। और शिवलिंग पर दुध, जल, दही, पुष्प, चन्दन, पंचामृत दुब आदि चढ़ायें। मन्दिरों में दिन भर भजनों व रूद्राभिषेक का दौर चला। इस अवसर पर श्रावण माह के अन्तिम सोमवार को मन्दिरों को अनेक प्रकार के फुलों से सजाया गया। सोमवार को कई जगह बर्फ का श्रृंगार भी किया गया। भक्तों ने अपने परिवार के सदस्यों की लंबी उम्र और सुख समृद्धि की कामना की। शाम को मन्दिरों में महाआरती की गई।**

### वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**सीकर,** (निसं)। शहीद इकबाल अली राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मरडाटू छोटी में रविवार को शहीद इकबाल अली की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमन चाहर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों ने शहीद की शहादत को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में शहीद के पुत्र अरमान अली ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी वितरित कर उन्हें पढ़ाई में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ अध्यापक महिपाल, धर्मेंद्र, हुलाश चंद्र जांगिड, रामस्वरूप, राजेंद्र, गोविंद सहित समस्त विद्यालय स्टाफ, एसडीएमसी सदस्य, अभिभावक, ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सीआरसी व बीआरसी प्रशिक्षण आयोजित

**चूरू** (निसं)। सोमवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाईट की और से सीआरसी और बीआरसी समन्वयकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं डाईट प्राचार्य डॉ गोविन्द सिंह राठौड की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राठौड ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) की मूल अवधारणाओं एवं उसके क्रियान्वयन को लेकर जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में सीएमडीई प्रभागाध्यक्ष कुसुम शेखावत, उप प्राचार्य डाईट नरेंद्र उपाध्याय, आईएफ आईसी प्रभागाध्यक्ष डॉ. विजय लक्ष्मी शेखावत एवं राज्य संदर्भ व्यक्ति सचिन ढांडा ने सहभागिता निभाई और एनईपी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। एनईपी 2020 भारत की शिक्षा व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव लाने वाली नीति है।

इसका मुख्य उद्देश्य 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षा को अधिक समावेशी, लचीला, बहु-आयामी और समग्र बनाना है। इसमें नई स्कूली संरचना लागू की गई है, जो बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास के अनुसार पाठ्यक्रम को वर्गीकृत करती है। प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा या स्थानीय भाषा में शिक्षा को प्राथमिकता दी गई है, ताकि बच्चा मूलभूत अवधारणाओं को बेहतर समझ सके। शिक्षा नीति के मूल में बचपन में अच्छी देखभाल और पूर्व-प्रारंभिक शिक्षा को मज़बूती देने पर जोर है। कक्षा 6 से कौशल शिक्षा और कोडिंग की शुरुआत की जाएगी। बोर्ड परीक्षाएं अधिक व्यवहारिक एवं योग्यता आधारित होंगी। सतत मूल्यांकन की प्रक्रिया को अपनाया जाएगा ताकि बच्चों की वास्तविक क्षमताओं का आकलन किया जा सके।

उच्च शिक्षा में मल्टीपल एंट्री-एग्जिट सिस्टम, क्रेडिट बैंक की व्यवस्था, और संस्थानों की ऑटोनॉमी जैसे सुधार लाए गए हैं। शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण को सतत और समकालीन बनाने की बात कही गई है ताकि वे समयानुसार स्वयं को अपडेट करते रहें। मूल्य आधारित शिक्षा, नैतिकता, राष्ट्रीयता, और स्थानीय संस्कृति को भी पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया गया है।

डिजिटल शिक्षा, ई-कंटेंट, और तकनीक के उपयोग को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया है। इस प्रशिक्षण में सभी प्रतिभागियों ने गहरी रुचि दिखाई और एनईपी के महत्व को समझा। उन्होंने इसे अपने कार्यक्षेत्र में लागू करने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस प्रकार यह कार्यशाला एनईपी 2020 को जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक लागू करने की दिशा में एक प्रभावी कदम सिद्ध हुई।



**जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाईट की और से सीआरसी और बीआरसी समन्वयकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।**

## सार-समाचार

### विधायक गोदारा ने जनसुनवाई की

**रतनगढ़** निसं)। रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने शहर एवं देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय विधायक आवास पर जनसुनवाई की। विधानसभा क्षेत्र रतनगढ़ के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी जनसमस्याएं लेकर विधायक की जनसुनवाई में पहुंचे। विधायक ने एक-एक व्यक्ति की समस्या सुनकर जल्द समस्या समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्राम सिमसिया, दाउदसर, बुधवाली, धातरी, आदि गांवों में जलभराव की समस्या से अवगत करवाया गया। जिसपर विधायक ने सम्बन्धित अधिकारियों को पुख्ता इंतजाम कर जलभराव की समस्या के निवारण के निर्देश जारी किए । इसके अलावा आपणी योजना एवं पीएचडी से पेयजल सप्लाई सम्बन्धित समस्याओं का निवारण मौके पर ही किया गया। विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित के लिए आरडी एसएस योजना में स्वीकृत अतिरिक्त ट्रांसफार्मर व ढाणी कनेक्शन शीघ्र लगाने के निर्देश विद्युत विभाग को दिए गए। रतनगढ़ कस्बे के वार्ड संख्या 10 11 में रास्ते में गढ़े भरने सहित अम्बेडकर नगर में जलभराव की समस्या के निवारण के निर्देश जारी किए गए। विधायक की अनुशंसा पर राज्य सरकार द्वारा मालासी से माताजी डूंगरी सानण वाया भोजाणा की ढाणी सडक की स्वीकृति जारी करने पर ग्रामीणों द्वारा विधायक का सम्मान गुलदस्ता भेंट करके किया गया । इस दौरान अरविंद चाकलान, केपीएस संस्था निदेशक सहीराम गोदारा, सुरेश मेघवाल, चरण सिंह कोका,एम आर चौधरी,अर्जुन राम खाती, रतनलाल नटवाडीया, दुलाराम, नथमल बोला, प्रह्लाद, खिलेरी, जितेन्द्र, भंवर लाल, कुमाराम बोला, बनवारी लाल चाहर, भागीरथ खीचड़, शिवलाल ढेवा, सहित कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण एवं शहरवासी मौजूद रहे।

### 'स्काउट गाइड जीवन जीने की कला'

**सीकर** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय सीकर के तत्वावधान में स्थानीय संघ शिवसिंहपुरा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय दौलतपुरा ,जिला सीकर के परिसर में राज्य पुरस्कार स्काउट, गाइड ,रेंजर का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 4 अगस्त से 8 अगस्त 2025 तक जा रहा है। शिविर का उद्घाटन नेकीराम आर्य निदेशक, आर्य शिक्षक प्रशिक्षक महाविद्यालय दौलतपुरा के कर कमलो द्वारा भारत स्काउट गाइड ध्वजारोहण के साथ किया गया। निदेशक द्वारा स्काउट गाइड संगठन मनुष्य की जीवन जीने की कला का अभिप्राय बताते हुए बताया गया कि बालकों के चारित्रिक, बौद्धिक एवं सर्वांगीण विकास व जीवन में लक्ष्य प्राप्त करने के लिए स्काउट गाइड संगठन बालकों के जीवन में अनिवार्य सह शैक्षिक गतिविधि है। जिसके सहारे बालक का सर्वांगीण विकास होता है। बालक संस्कारवान बनने के साथ-साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए अधिक मजबूती से तैयार होता है। शिविर संचालक किशनलाल सियाक सचिव स्थानीय संघ शिवसिंहपुरा ने राज्य पुरस्कार स्काउट गाइड के प्रशिक्षण एवं संगठन की गतिविधियों से अवगत करवाया गया ।अलीताब धोबी द्वारा नोटबुक संधारित करना , रोशन देबनिया द्वारा सिटी व हाथ के संकेत प्रेम सिंह नेहरा द्वारा दैनिक कार्यक्रम मुकेश कुमार भूकर द्वारा लेआउट, महेंद्र सिंह मील द्वारा पंजीकरण, प्रेम पावडिया द्वारा निरीक्षण, गरिमा सियाग रेंजर्स पाठ्यक्रम व पुष्पा पीपलवा गाइड्स पाठ्यक्रम की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम पर बाबूलाल मीणा सचिव धोद,देवीलाल जाट सहायक सचिव सीकर, सुष्मिता ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान, इमरान रोवर लीडर, आदिल खान, सौरभ जांगिड, ओमप्रकाश डमोलिया व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्र की हालत खस्ता

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर कस्बे में वार्ड नं 23 में एकमात्र सरकारी आंगनबाड़ी भवन है। जिसकी हालत इतनी खस्ता है की कभी भी गिर सकता है। किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। भवन का निर्माण 1994 के अंदर सरकार की योजना के तहत पंचायत समिति रतनगढ़ के माध्यम से भवन का निर्माण हुआ था। जिसमें एक बडा हॉल, एक छोटा रूम, एक बरामदा बनाया गया था। लेकिन करीबन 10 वर्षों से इस भवन की इतनी हालत खस्ता है की रोड के लेवल के बराबर भवन आ चुका है। जिसके चलते बरसाती पानी इसके अंदर जाता है साथ ही भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है जिसको देखते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कमल प्रजापत ने बच्चों के भविष्य को देखते हुए एक पास में ही छोटा कमरा किराए पर लेकर उसमें भवन संचालित किया जा रहा है लेकिन केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं आंगनबाडी के अंदर संचालित होती है लेकिन जब भवन भी सही नहीं है तो योजनाओं को कैसे धरातल पर उतारा जाएगा क्योंकि इस भवन के अंदर सभी आंगनबाडी केंद्र संचालित होते हैं। कार्यकर्ताओं एवं आशा सहयोगिनियो की मीटिंग यहीं पर होती थी लेकिन अब इधर-उधर भटकना पड़ता है केंद्र की कार्यकर्ता कमल प्रजापत ने बताया लगातार विभाग एवं राजनेताओं को बार-बार अवगत करा रही हूं लेकिन किसी भी तरह की कोई सुनवाई नहीं हो रही है सबसे बड़ा डर यह लगता है यह रोड पर स्थित होने के कारण यहां से आने वाले राहगीरों पर कभी भी काल का ग्रास बन सकता है।

### तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**पाटन** (निसं)। समता आंदोलन समिति (रजि.) जयपुर के अध्यक्ष द्वारा आदिवासी मीणा समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियाँ किए जाने के विरोध में पाटन स्थित आदिवासी मीना सेवा समिति ने सोमवार को तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि समता आंदोलन समिति द्वारा हाल ही में राज्य के चिकित्सा मंत्री को एक पत्र भेजा गया, जिसमें एसएमएस अस्पताल से मीणा समुदाय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हटाने की मांग की गई है। इस पत्र में मीणा समुदाय के कर्मचारियों को आतंकी जैसे आपत्तिजनक और अमर्यादित शब्दों से संबोधित किया गया है। समिति का कहना है कि यह पत्र पूरी तरह से निराधार, असत्य और समाज में वैमनस्य फैलाने वाला है, जिससे पूरे समुदाय की छवि को ठेस पहुंची है। समाज के लोगों ने समता आंदोलन समिति का पंजीकरण तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है साथ ही समुदाय विशेष को बदनाम करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई,पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग भी की है, ताकि ऐसे कृत्य दोबारा न हों और समाज में सौहार्द बना रहे। इस अवसर पर आदिवासी मीना सेवा समिति पाटन के समस्त पदाधिकारी, समाज के वरिष्ठजन, महिला प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में इस आपत्तिजनक कृत्य की निंदा करते हुए त्वरित न्याय की मांग की।

### आधार पंजीकरण कैम्प आयोजित

**सीकर** (निसं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शालिनी गोयल ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संविधान के अनुच्छेद 39 (ई) और (एफ) को बनाए रखने और समान न्याय प्रदान करने के अपने अधिदेश के तहत निराश्रित बच्चों को कानूनी पहचान प्रदान करने और सामाजिक कल्याण तक पहुंच को सुगम बनाने के लिए संचालित एक केंद्रित राष्ट्रीय अभियान साथी अभियान' के अन्तर्गत सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर के निर्देशन में जिला प्रशासन के सहयोग से दशरथ मनोविकास संस्थान सीकर के परिसर में आधार पंजीकरण कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प के दौरान दशरथ मनोविकास संस्थान, सीकर, वात्सल्य सेवा समिति, रैवासा, परमार्थ सेवा संस्थान, सीकर, कस्तुरबा सेवा संस्थान, भादवासी में निवासरत 17 बेसहारा बच्चों का नवीन आधार पंजीयन किया गया एवं 4 बेसहारा बच्चों के आधार का बायोमैट्रीक अद्यतन किये गये। शिविर के दौरान अधिकार मित्र ओमप्रकाश पुरोहित, चेतन मनोहर एवं डीओआईटीसी की टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

### मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन के सबंध में बैठक कल

**सीकर** (निसं)। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों का पुनर्गठन, सुव्यवस्थिकरण किया जाना है। जिसके संबंध में आवश्यक चर्चा करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकरी एवं जिला कलेक्टर के कार्यालय में 6 अगस्त 2025 को प्रात:11 बजे बैठक आयोजित की जायेगी।

### तिरंगा यात्रा के संयोजक व सहसंयोजक नियुक्त

**सीकर,** (निसं)। भाजपा में संगठनात्मक कार्य के लिए जिला संयोजक व सहसंयोजकों की नियुक्ति की गई है। विभाजन विभिषिका व तिरंगा यात्रा के सफल संचालन के लिए जिलाध्यक्ष मनोज बाटड ने यह नियुक्ति की है। जिलाध्यक्ष बाटड़ ने राजकुमार जोशी को संयोजक, अरूण चौधरी, दिनेश सैनी, सुनील स्वामी व अनुराधादेवी को सहसंयोजक नियुक्त किया है।